राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

दीप पर्व पर राज्यपाल की स्वस्तिकामना
राजभवन में लोगों ने राज्यपाल से मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी

जयपुर, 4 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को दीपावली पर आज यहां राजभवन में बड़ी संख्या में लोगों ने मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल ने सभी के लिये दीप पर्व की स्वस्तिकामना करते हुए आगन्तुकों के लिए सुख, समृद्धि और सम्पन्नता की कामना की। उन्होंने कहा कि चंहु ओर उजास का संवाहक रोशनी का यह पावन पर्व सभी के लिए उमंग, उल्लास लिए शुभ हो।

––––

दीप पर पर राज्यपाल ने कम्बल बांटे

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दीपावली पर गुरुवार को राजभवन में निर्धनों को कम्बल वितरित किए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता मानव धर्म है।

––––

राज्यपाल श्री मिश्र ने दीपावली पर शहर की रोशनी का अवलोकन किया

जयपुर, 4 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार रात्रि राजभवन से बाहर निकल कर दीप पर्व पर जयपुर शहर में की गई रोशनी का अवलोकन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र विधानसभा मार्ग से होते हुए पांचबत्ती, अजमेरी गेट, चांदपोल, त्रिपोलिया बाजार, जौहरी बाजार, हवामहल, रामबाग होते हुए शहर के प्रमुख स्थानों पर गए। उन्होंने बहुत से स्थानों पर गाड़ी रुकवा कर दीपावली पर रोशनी से नहाए शहर को देखा। उन्होंने कहा कि सर्वत्र उजास का यह पावन पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता जीवन के आलोक पथ का संवाहक है। उन्होंने दीप मालिकाओं से सज्जित, रोशनी से श्रृंगारित जयपुर की सराहना की।

–––––

मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की

राज्यपाल ने दीपावली पर राजभवन में मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा–अर्चा कर सभी की समृद्धि – सम्पन्नता की कामना की। उन्होंने मां लक्ष्मी से प्रदेश को धन–धान्य से सदा पूर्ण रखने की प्रार्थना करते सर्वत्र खुशहाली की कामना की।